सवारियों से भरी रोडवेज बस हाइवे पर नाले में गिरी, 43 यात्री घायल

टायर फूटने के बाद एक्सल टूट जाने से बस बेकाबू होकर नाले में गिरकर पलट गई

टोंक, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार को तारण गांव के पास नेशनल हाइवे-148 पर सवारियों से भरी एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर नाले में पलट कर गिर गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई तथा इस दौरान बस में मौजूद 43 यात्री घायल हो गए।

- **बस सवाई माधोपुर से जयपुर जा रही थी, हादसे के समय बस में करीब 50 सवारियां थी**
- **घायलों में 24 पुरुष, 17 महिलाएं और 2 बच्चे हैं, एक गंभीर घायल को जयपुर रेफर किया**

तारण गांव के पास नेशनल हाइवे-148 पर सवारियों से भरी रोडवेज बस अनियंत्रित होकर नाले में पलट कर गिर गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोडवेज बस का टायर फूटने के बाद एक्सल टूट जाने से बस बेकाबू होकर पुलिया की दीवार से टकराते हुए नाले में गिरकर पलट गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई तथा इस दौरान बस में मौजूद 43 घायल हो गए, घायलों में 24 पुरुष, 17 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। इनमें से एक घायल की तबियत ज्यादा खराब होने से उसे जयपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर आए और घायलों को बस में से बाहर निकाला। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सआदत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

बताया जा रहा है कि बस सवाई माधोपुर से जयपुर जा रही थी, हादसे के समय बस में करीब 50 सवारियां थी। उधर इसकी सूचना मिलने के बाद पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता व बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान भी कार्यकर्ताओं के साथ सआदत अस्पताल पहुंचे और घायलो से बातचीत की। वहीं मौके पर सदर थाना प्रभारी जयमल सिंह व कोतवाली प्रभारी भंवरलाल वैष्णव पहुचे। पूछताछ में मौजूद घायलों ने बताया कि बस का एक्सल टूटने के बाद ये उक्त घटना होना सामने आयी हैं, लेकिन एक्सीडेंट के वास्तविक कारण जांच होने के बाद कारण सामने आएंगे।

बीज उत्पादक कंपनियों ने कागजों में ही प्रमाणित बीज तैयार किए

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले में बीज उत्पादक कंपनियां बीज प्रमाणीकर संस्था के अधिकारियों से मिलीभगत कर कागजों में प्रमाणित बीज उत्पादन का अनुबंध दिखाकर किसानों से बड़े स्तर पर गड़बड़ी कर रही हैं, जबकि संबंधित किसान को अनुबंध के संबंध में कोई जानकारी ही नहीं होती।

- **कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इसे प्रमाणित बीज के नाम पर किसानों के साथ धोखा बताया है**

प्रमाणित बीज उत्पादक वाले खेतों का राजस्थान राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करनी होती है, लेकिन ये रिपोर्ट भी सिर्फ कागजों में ही तैयार हो रही है। जिले के दौरे पर आए कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने गत दो दिनों के दौरान निजी बीज कंपनियों की ओर से जहां खेतों में बीज उत्पादन करना रिकॉर्ड में दिखाया गया है। वहां मौके पर पहुंचे तो रिकॉर्ड में ग्वार बीज उत्पादन के स्थान पर मक्का, मूंग व कपास की फसलें मिलीं। यानी मौके पर प्रमाणित बीज उत्पादन होना नहीं पाया गया, जबकि कंपनियां कागजों में ही प्रमाणित बीज तैयार कर रही हैं। अब इस मामले में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इसे प्रमाणित बीज के नाम पर किसानों के साथ धोखा बताया है तथा कमेटी गठित कर जांच कराने की बात कही है। कृषि वैज्ञानिक किसानों की जमाबंदी व अन्य निजी रिकॉर्ड ज्यादातर ऑनलाइन होता है। ऐसे में ऑनलाइन जमाबंदी निकाल किसान का फर्जी अनुबंध पत्र तैयार कर लिया जाता है या फिर किसान जहां से बीज क्रय करता है वे किसान से उसका रिकार्ड ले लेते हैं। उपज 100 से 300 रुपए प्रति क्विंटल मार्केट रेट से अधिक देने का लालच देकर अनुबंध पत्र तैयार कर लेते हैं। इसके बाद निजी बीज उत्पादक संस्था की ओर से बाकायदा बीज उत्पादन दिखाए गए किसानों के रिकार्ड सहित सूची तैयार राजस्थान राज्य बीज प्रमाणिकरण संस्था में फील्ड निरीक्षण के लिए शुल्क भी जमा कराया जाता है, लेकिन निजी बीज उत्पादकों व बीज प्रमाणीकरण संस्था अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों में ही फील्ड निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर बीज उत्पादन दिखा दिया जाता है। पकड़ में आए मामलों में भी ऐसा ही है।

निजी बीज उत्पादक संस्थाओं की ओर से फसल पकने पर अच्छी क्वालिटी देखकर किसानों को मार्केट रेट से 100 से 200 रुपए प्रति क्विंटल अधिक देकर पूरी उपज खरीद ली जाती है। या फिर धानमंडी से किसानों द्वारा लाई गई उपज की ढेरियों में से अच्छी क्वालिटी की फसल देखकर खरीदी जाती है। इसके बाद बीज उत्पादक ग्रेडिंग कर इसे प्रमाणित बीज बताकर आगामी फसल के लिए किसानों को महंगे दामों पर बेच देता है, लेकिन किसान से जो उपज खरीदी गई उस फसल में फंगस व अन्य किसी रोग का प्रकोप रहा है तो क्वालिटी भले ही अच्छी हो लेकिन आगामी फसल में उसका अंकुरण व उत्पादन इससे प्रभावित होता है। यही किसानों के साथ धोखा है। इस बीज को नकली नहीं कह सकते लेकिन ये बीज अमानक है।

नियमानुसार निजी बीज उत्पादकों की ओर से किसानों के साथ प्रमाणित बीज उत्पादन का अनुबंध किया जाता है। इसमें संबंधित किसान के खेत की जमाबंदी व अन्य दस्तावेजों के साथ अनुबंध पत्र भरकर किसान की फोटो लगाकर अनुबंध किया जाता है। कंपनी किसानों को बीज उत्पादन की एवज में उपज का मार्केट रेट से 100 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक अधिक देने का अनुबंध करती है।

संतवीर सिंह, प्रगतिशील किसान ने बताया कि निजी बीज उत्पादक संस्था की ओर से अनुबंध करने के बाद प्रमाणित बीज उत्पादन वाले किसानों के मोबाइल नंबर व संपूर्ण दस्तावेजों के साथ सूची तैयार कर राजस्थान राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में फील्ड निरीक्षण के लिए शुल्क जमा करवाना होता है। इसके बाद नियमानुसार संस्था के अधिकारी समय समय पर बीज उत्पादन वाले खेतों का निरीक्षण करते हैं। बीज उत्पादन में कोई खामी पाई जाए तो अनुबंध निरस्त किया जा सकता है।

किरोड़ीलाल मीणा, कृषि मंत्री राजस्थान सरकार का कहना है कि निजी बीज उत्पादक संस्थाएं प्रमाणित बीज के नाम पर किसानों के साथ धोखा कर रही हैं। साथ ही ये लोग प्रधानमंत्री के किसानों की आय दोगुनी करने के मिशन में बाधा है। प्रदेश स्तर पर कमेटी गठित कर इस मामले की विस्तृत जांच करवाई जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

माही पुल से नदी में कूदा युवक, 28 घंटे बाद शव मिला

डूंगरपुर, (निसं)। सागवाड़ा थाना क्षेत्र में माही पुल से एक युवक नदी में कूद गया। पुलिस ओर एसडीआरएफ की टीम 28 घंटों तक उसकी तलाश करती रही। इसके बाद शव तैरता हुआ मिला। पुलिस अब घटना को लेकर जांच कर रहीं है।

सागवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि विठ्ठल पुत्र लाला गायरी निवासी वगैरी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसके बड़े पापा का बेटा गंगाराम उर्फ नाना पुत्र गौतम गायरी निवासी वगैरी बाइक लेकर घर से निकला था। वह बाइक लेकर माही पुल पर खड़ा था।

इसी दौरान वह अचानक से नदी में गिर गया। जिस पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम उसकी नदी में तलाश करती रही, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नदी में आसपास के इलाके में उसे ढूंढती रही। सोमवार दोपहर के समय उसका शव नदी में तैरता हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने उसका शव नदी से बाहर निकाला। शव को सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

जंगल में नवजात तड़पते हुए मिला

भीलवाड़ा, (निसं)। मांडलगढ़ क्षेत्र के खैराड इलाके में सीता का कुंड जंगल में नवजात तड़पते हुए मिला। उसको जब देखा तो पता चला कि उसके मुंह में पत्थर डालकर होठों को फेविक्विक से चिपका दिया था। इतनी हैवानियत करने का एकमात्र कारण यह था कि नवजात के रोने को कोई सुनना ना सके, लेकिन भगवान ने उस नवजात को बचा लिया। जानकारी के अनुसार कोई व्यक्ति बकरियां चराने के लिए जंगल में गया। वहां तड़पने की आवाज सुनकर वो पास गया तो उसका दिल दहल गया। उसने ग्रामीणों को तुरंत पुलिस को सूचना दी। बिजौलिया पुलिस मौके पर पहुंचकर नवजात को लेकर गई और अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन नवजात की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल में रेफर किया गया। हाल ही में किस महिला के डिलीवरी हुई है, इसका पता लगाने में पुलिस जुटी है।

- **मुंह में पत्थर डालकर होठों को फेविक्विक से चिपका दिया था**

सीएम भजनलाल शर्मा की सभा में मंच पर बैठने को लेकर उप महापौर का हंगामा

हंगामा सुनकर सीएम भजनलाल शर्मा सरस्वती वंदना करने के लिए जाते हुए रुक गए

भीलवाड़ा, (निसं)। सीएम भजनलाल शर्मा के एक दिवसीय दौरे पर उप महापौर रामलाल योगी का हंगामा सुर्खियों में आ गया है। यहां तक कि कुछ मिनटों में इसकी सूचना भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ तक पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार उप महापौर रामलाल योगी को महापौर राकेश पाठक ने आयुक्त हेमाराम चौधरी के कक्ष में बुलाया। वहां उन्होंने बताया गया कि आपको मंच पर बैठना है। इसके लिए सूची में आपका नाम है। इस उपमहापौर योगी सहमत हो गए। बाद में उप महापौर योगी ने मंच पर जाने के लिए एंट्री करनी चाही तो पता चला कि सिक्योरिटी ऑफिसर को मंच पर बैठने वालों की जो सूची दी गई उसमें योगी का नाम नहीं था। इसके बाद योगी दूसरे गेट पर पहुंचे। वहां पता चला कि भाजपा के 25 पार्षदों को ही अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। योगी ने जैसे-तैसे टाउन हॉल में प्रवेश कर लिया। इधर, हंगामा सुनकर सीएम सरस्वती वंदना करने के लिए जाते हुए रुक गए। उप महापौर योगी ने वहीं बोलना शुरू कर दिया। ये क्या व्यवस्था कर रखी है। भाजपा सरकार का कार्यक्रम है और भाजपा के कार्यकर्ताओं को ही अंदर नहीं आने दिया जा रहा है। नगर निगम में पार्षदों के बैठने की व्यवस्था नहीं की गई। उन्हें पुलिस की ओर से एंट्री करने पर रोक लगा दी गई, ये क्या बात हुई। सीएम, डिप्टी सीएम हैरान रह गए। इधर एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव और कलेक्टर जेएस संधू के हाथ पैर फूल गए। वे तुरंत उप महापौर योगी के पास पहुंचे और समझाइश करने लगे। कुछ देर बार योगी भी मान गए और पीछे जाकर जमीन पर बैठकर ही सीएम का पूरा भाषण सुना। सीएम ने जिलाध्यक्ष मेवाड़ा से जानकारी ली।

उप महापौर ने मंच पर बैठने की बात को लेकर हंगामा किया।

- **उप महापौर रामलाल योगी को पहले मंच पर बैठने के लिए कहा गया था, बाद में एंट्री नहीं मिली**
- **हंगामे की सूचना कुछ मिनटों में ही भाजपा प्रदेशध्यक्ष मदन राठौड़ तक पहुंची**

उप महापौर रामलाल योगी ने बताया कि मुझे मंच पर जाने का शौक नहीं है वो महापौर पाठक ने पहले सूचित किया, इसलिए वहां जा रहा था, लेकिन मुझे जो सूची दिखाई और सिक्योरिटी को जो सूची दी गई उसमें अंतर कैसे आया, यह पता नहीं। मैंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को प्रकरण के बारे में सूचित कर दिया है। इधर, योगी के हंगामे के बाद भाजपा में कई तरह की चर्चाएं सामने आने लगी है।

खाद के 60 कट्टे व पिकअप जब्त

छबड़ा, (निसं)। एमपी के गुना जिले के राघौगढ़ इलाके में पुलिस और प्रशासन ने खाद के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की है। राजस्थान ले जाई जा रही डीएपी खाद के 60 कट्टे और बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किए गए हैं। झालावाड़ निवासी आरोपी चालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

- **एमपी के गुना जिले के राघौगढ़ इलाके में पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई की**

राघौगढ़ पुलिस चेकिंग के दौरान बोलेरो पिकअप को रोका। वाहन में सवार लक्ष्मीनारायण लोधा, निवासी बुधवारा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) से पूछताछ में कोई वैध दस्तावेज या भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र नहीं मिला। इससे स्पष्ट हुआ कि खाद का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरती सिंह ने मौके पर जांच कर खाद के अवैध परिवहन की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा बनाकर खाद के 60 कट्टों को जब्त कर थाना राघौगढ़ में सुपुर्द किया। बोलेरो पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है।

फरार आरोपी गिरफ्तार

सरवाड़, (निसं)। सराना थाना पुलिस ने अवैध गांजा की खरीद फरोख्त के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सराना थानाधिकारी उगमाराम ने बताया कि सरवाड़ थाना पुलिस ने गत 5 सितंबर को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई कर शमशुदीन एवं लतीफ को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 3.925 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया था। साथ ही मादक पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक स्विफ्ट कार भी जब्त की थी। वहीं सरवाड़ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच सराना थानाधिकारी के जिम्मे की थी। अनुसंधान के बाद सराना पुलिस ने गांजा खरीददार सरवाड़ निवासी सांपला गेट रविन्द्र छीपा उर्फ टोनी पुत्र गणपत छींपा को गिरफ्तार कर लिया।

कांग्रेस जहां हारती है, वहां वोट चोरी का मुद्दा उठाती है : विधायक भाटी

'जहां-जहां कांग्रेस जीत रही है, वहां भी कांग्रेस को सर्वे करना चाहिए'

बीकानेर, (निसं)। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि वोट चोरी मुद्दे में ज्यादा दम नहीं है, ये सिर्फ चुनावी मुद्दा है। जहां-जहां कांग्रेस जीत रही है, वहां भी कांग्रेस को सर्वे करना चाहिए। अगर वोट चोरी है तो राजस्थान में इतनी लोकसभा सीट नहीं मिलती। कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बारे में बात करनी चाहिए। राजस्थान में वोट चोरी होती तो इतनी सीट कांग्रेस को नहीं मिलती। आज के समय में वोट चोरी जैसी बात संभव प्रतीत नहीं होती। भाटी बीकानेर में एक दिन के दौरे पर हैं। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में भाटी ने कहा किजहां कांग्रेस हारती है वहां वोट चोरी का मुद्दा उठा लेती है। जहां जीतती है वहां कहती नहीं है। भाटी ने कहा कि खेजड़ी को बचाने के लिए राजस्थान में ट्री प्रोटेक्शन एक्ट लाया जाएगा। इसके लिए विधानसभा में प्रयास चल रहा है। इस एक्ट को लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है ताकि खेजड़ी जैसे पेड़ों को बचाया जा सके। भाटी ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि राजस्थानी भाषा हमारी खुद की भाषा है। इसे संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए संघर्ष में मैं साथ हूं। हम विदेश में भी जाते हैं तो राजस्थानी भाषा में बात करते हैं। ये हमारी खुद की भाषा है, इसके लिए संघर्ष भी करना पड़ा तो मैं साथ रहूंगा।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर,(निसं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्थित होटल से कूदकर युवक ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सवेरे अम्बामाता थाना क्षेत्र हरिदासजी की मगरी स्थित होटल की तीसरी मंजिल से मयंक पुत्र अशोक चड्डा ने कूदकर आत्महत्या कर ली। हेडकांस्टेबल नरेश कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक की पत्नी और दो पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के निवासी युवक की ग़त दिनों रेलवे ट्रैक के पास मिली लाश के मामले में दो पुलिसकर्मियों और मृतक की पत्नी पर हत्या का आरोप लगाते हुए समाज के लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

- **गत दिनों रेलवे ट्रैक के पास मिली लाश का मामला, लोगों ने प्रदर्शन किया**
- **ब्राह्मण समाज के लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा, आधा दर्जन लोग घायल**

प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाटीचार्ज किया।

जानकारी के अनुसार मृतक पालड़ी निवासी सांवर लाल शर्मा को न्याय दिलाने के लिए मंगलवार को एकत्रित हुए ब्राह्मण समाज के लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज करके खदेड़ दिया। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एकत्रित होकर कलेक्टर के बाहर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोग नारे बुलंद कर रहे थे। समाज के लोगों की मांग है कि मृतक की मौत के मामले में दो पुलिसकर्मियों की भूमिका है। अन्य आरोपी को भी गिरफ्तारी की जाए।

इस मामले में पुलिस कर्मियों के शामिल होने से जांच सीबीआई या एसआईटी से कराई जाए। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व संदिग्ध हालत में मृतक सांवरलाल का शव रेलवे पटरी के पास मिला था। परिजनों का आरोप है कि सांवर की मौत नहीं होकर उसकी हत्या की गई है। हत्या का आरोप अवैध संबंधों के चलते मृतक की पत्नी और दो पुलिसकर्मियों पर लगाया गया है, जिसकी गहनता से जांच जारी है। वहीं दूसरी ओर आक्रोशित भीड़ ने उठा रूप दिखाते हुए प्रदर्शन किया तो एसपी धर्मेंद्र सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए और आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने जांच शुरू की है।

अजमेर : रोडवेज बस स्टैंड की बिल्डिंग की जर्जर अवस्था देख देवनानी ने नाराजगी जताई

अजमेर, (कासं)। रोडवेज बस स्टैंड का विधानसभा अध्यक्ष और अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देवनानी ने बस स्टैंड पर गंदगी और बिल्डिंग की जर्जर अवस्था को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड को आने वाले 50 सालों के लिए विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लोक बंधु सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष और उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड की दुर्दशा को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि काफी समय से जनता द्वारा समस्याओं से अवगत कराया जा रहा था, इसे लेकर ही आज जिला प्रशासन, निगम और रोडवेज के अधिकारियों के साथ बस स्टैंड का जायजा लिया है।

देवनानी ने कहा कि केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड की यह बिल्डिंग काफी पुरानी होने के कारण कई जगहों से जर्जर अवस्था में है, उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड परिसर के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिन्हें सुधारा नहीं जा सकता, लेकिन कुछ हिस्सों को दुरुस्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जल्द ही व्यवस्था सुधारी जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय बजट में प्रदेश के लिए 10 बस स्टैंड को लेकर घोषणा की थी। इसे लेकर विभागों की प्रक्रिया जारी है, जो बहुत जल्दी पूरी कर ली जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने बस स्टैंड का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

- **विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड को आने वाले 50 सालों के लिए विकसित किया जाए**

देवनानी ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि केंद्रीय बस स्टैंड को आगामी 50 वर्षों तक के लिए अजमेर की जनता के अनुरूप रोडवेज बस स्टैंड विकसित किया जाएगा। तब तक के लिए कुछ चीजों को तय किया है। उन्होंने कहा कि असुरक्षित स्थानों को बंद करने तथा रिपेयर वाली जगह को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था को सुधारने के भी दिशा निर्देश दिए हैं, इसमें निगम की ओर से भी सहयोग किया जाएगा। अजमेर की जनता को राहत मिले इसके मद्देनजर रोडवेज बस स्टैंड पर काम किए जाएंगे। साथ ही अजमेरु वर्कशॉप को अजमेर वर्कशॉप के साथ एक माह में शिफ्ट करने की निर्देश भी दिए हैं।

देवनानी ने मंगलवार को अजमेर के केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर लोकबंधु के साथ ही जिला प्रशासन, निगम और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। देवनानी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को साफ-सफाई, बस स्टैंड पर हुई टूट-फूट सहित अन्य विषयों को लेकर फटकार लगाई तथा विभाग को जल्द इन्हें दुरुस्त करने दिशा निर्देश दिए।

जेवर चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा

डूंगरपुर, (निसं)। धंबोला थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गोपाल कोटेड पुत्र भगवान कोटेड निवासी डोल कुजेला ने कंबोईया गांव में एक सूने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए थे। मामले में पुलिस ने आरोपी का कब्जे से चोरी हुए जेवर बरामद कर लिए हैं। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

धंबोला थाना अधिकारी ने बताया कि कंबोईया निवासी लक्ष्मण पुत्र होमजी बामनिया की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई की थी। इसमें बताया कि 16 अगस्त को रात के समय भूरा पुत्र कावा के पत्नी की डिलीवरी होने से वह उसके साथ सीमलवाडा अस्पताल गया था। उसकी पत्नी भी दूसरे घर पर जाकर सोई थी। इस वजह से उसके घर पर ताला लगा हुआ था और घर सूना था। रात के समय चोर घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और सामान बिखेर दिया। घर के एक ड्रम में गेहूं भरे हुए थे और उसी में प्लास्टिक थैली में सोने-चांदी के जेवर भी रखे हुए थे। चोरों ने ड्रम से गेहूं निकाल कर जेवरात भी चुरा लिए।